क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। इज्जतनगर थाना क्षेत्र में देर रात्रि पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान अपहरण के एक वांछित आरोपी को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ में एक सिपाही भी घायल हुआ है। यह घटना मुठभेड़ मंगलवार रात कलापुर पुलिया पीलीभीत मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान हुई। थाना पुलिस के मुताबिक टीम ने बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे भागने लगे। पीछा करने पर बाइक सवारों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिससे सिपाही नीशू तिवारी घायल हो गए। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी विमल के दाहिने पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया, जिसकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी विमल इज्जतनगर थाने में दर्ज अपहरण के एक मामले में वांछित था। घायल आरोपी और सिपाही को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने विमल के कब्जे से एक तमंचा, कारतूस, 250 रुपये नकद और चोरी की बाइक बरामद की है। इस मुठभेड़ के संबंध में इज्जतनगर थाने में नया मामला पंजीकृत किया गया है। युवक को किया था अगवा पूछताछ में अभियुक्त विमल ने बताया कि उसने अपने साथियों उमाशंकर, आकाश और हरनेश के साथ मिलकर नौ मई 2026 को फन सिटी के आगे से एक युवक का अपहरण किया था। इस अपहरण कांड में उसका साथी उमाशंकर पहले ही पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। विमल फरार चल रहा था। अन्य की तलाश की जा रही है।

आंवला में माध्यमिक विद्यालयों की हुई बैठक

# शिक्षा पोर्टलों से लेकर स्व-गणना तक दिए गए अहम निर्देश



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। आंवला। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत तहसील आंवला के समस्त माध्यमिक विद्यालयों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को सर्वोदय जनकल्याण इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। बैठक प्रात: 10 बजे जिला समन्वयक समग्र शिक्षा (माध्यमिक) वीरेंद्र गंगवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विद्यालयों से जुड़े विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों एवं शैक्षिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। वीरेंद्र गंगवार ने ट्रैक शिक्षा पोर्टल एवं यू-डाइस पोर्टल पर छात्रों के प्रोग्रेशन तथा एमबीयू पेंडेंसी को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के नोटिफिकेशन अपलोड करने और खान अकादमी पोर्टल पर बच्चों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त परिवहन विभाग द्वारा विकसित पोर्टल पर विद्यालयों में उपलब्ध वाहनों की सूचना अपडेट करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जनगणना के अंतर्गत 7 मई से 21 मई तक आठ चरणों में मोबाइल के माध्यम से स्व-गणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई तथा विद्यालयों को आ रही समस्याओं का समाधान भी किया गया बैठक में तहसील नोडल राजकुमार सिंह, प्रधानाचार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज वलई भगवन्तपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज आंवला की प्रधानाचार्य श्रीमती सुमन एवं तकनीकी सहायक सोनू यादव सहित अनेक प्रधानाचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# डंपर की टक्कर से बियर की दुकान के सेल्समैन की मौत





क्यूँ न लिखूँ सच /। नाजिम हुसैन अंसारी / भगतपुर।क्षेत्र के ग्राम चक कचनाल के मोड़ के पास मंगलवार की रात्रि ग्राम उधौपुरा पूर्वी निवासी दीपू 24 को डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दीपू गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए भोजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

दीपू भगतपुर क्षेत्र के ग्राम बहेड़ी रोशनपुर स्थित बियर की दुकान पर सेल्समैन का कार्य करता था एवं 15 दिन पूर्व उसका विवाह हुआ था।

परिजनों के अनुसार मंगलवार की रात्रि करीब 8=30 बजे दीपू ड्यूटी पर मौजूद था एवं वहां से शादी में जाने की बात कह कर बाइक द्वारा निकला था। बताया कि जैसे ही वह चक कचनाल गांव के पास मोड़ के नजदीक पहुंचा तभी भोजपुर की दिशा से आ रहे एक डंपर के चालक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दीपू गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर भिजवाया जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दीपू का करीब 15 दिन पूर्व विवाह हुआ था। दीपू तीन भाइयों में सबसे छोटा था एवं बहेड़ी रोशनपुर स्थित बियर की दुकान पर सेल्समेन का कार्य करता था। उसकी मौत से उसकी पत्नी गुड्डी एवं मां उषा देवी सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही भगतपुर थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि डंपर व उसके चालक को पकड़ कर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, विधि कार्रवाई जारी है


प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991


## संक्षिप्त समाचार

# सुभाष नगर पुलिस ने तमंचा लेकर घूम रहे युवक को किया गिरफ्तार




क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय अंजनी तिवारी के नेतृत्व में थाना सुभाषनगर पुलिस टीम ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बदायूं रोड स्थित नए बाजार करगैना के पहले गेट के पास एक संदिग्ध युवक अवैध तमंचा लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और हनी पुत्र हरिओम निवासी करगैना को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अवैध 315 बोर तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह तमंचा अपनी सुरक्षा के लिए रखता था और अदालत में अपना पक्ष रखेगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस पूरी कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार नैन, चौकी इंचार्ज राजेन्द्र सिंह सिरोही, उपनिरीक्षक दुर्वेश सिंह और कांस्टेबल आकाश राणा की अहम भूमिका रही।

# जिला अस्पताल के वार्ड बॉय और सहायक हटाए गए, ठेले पर मरीज ले जाने के मामले में हुई कार्रवाई




क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिला अस्पताल की इमरजेंसी के बाहर एक बुजुर्ग महिला मरीज को ठेले पर ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में खलबली मची हुई है। इस मामले में प्रथम दृष्टया लापरवाही बरतने के आरोप में इमरजेंसी वार्ड में तैनात वार्ड बॉय और वार्ड सहायक को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। इससे पहले ड्यूटी पर मौजूद सिक्योरिटी गार्ड को भी हटाया जा चुका है। शासन और प्रशासन दोनों स्तरों पर इस घटना की सघन जांच की जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. विश्राम सिंह और एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने सीएमओ कार्यालय में मरीज के इलाज से जुड़े दस्तावेजों और फाइलों का निरीक्षण किया। जांच कमेटी ने एडीएसआईसी डॉ. आरसी दीक्षित और डॉ. एलके सक्सेना से मरीज के भर्ती होने और उसे दिए गए उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। शुरुआती जांच में यह पाया गया कि इमरजेंसी स्टाफ ने मरीज को एम्बुलेंस या स्ट्रेचर उपलब्ध कराने में संवेदनशीलता नहीं दिखाई, जिसके चलते उसके पति को ठेले का सहारा लेना पड़ा।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई




क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत - पीलीभीत जनपद में मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और अवैध हूटर लगाकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। एआरटीओ प्रवर्तन वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पूरनपुर क्षेत्र और पीलीभीत शहर में हुई कार्रवाई के दौरान 6 वाहनों के चालान किए गए तथा 1 वाहन सीज किया गया। अभियान में अवैध हूटर लगाकर वाहन चला रहे 2 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के लिए नोटिस जारी किए गए। वहीं बिना पंजीकरण सवारियां ढो रहे 2 ई-रिक्शा भी सीज किए गए। इसके अलावा 2 ओवरलोड वाहनों पर भी चालान की कार्रवाई की गई। एआरटीओ ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और निर्धारित मानकों के अनुसार ही वाहन चलाने की अपील की।

# घर में छह सदस्य और छह बदमाश, अंदर से ही खोला गया डिजिटल लॉक, मकान में ही छिपा है भेदी; 1.20 करोड़ की डकैती

मुरादाबाद में पीतल कारोबारी इमरान के घर हुई डकैती में पुलिस जांच डिजिटल लॉक पर आकर टिक गई है। एक्सपर्ट की राय में सामने आया कि लॉक बिना रिमोट के न तो खुल सकता था और न ही चाबी से संचालित हो सकता खोला गया। परिवार के छह हैं।मुरादाबाद के पीतल कारोबारी इमरान के मकान का डिजिटल लॉक के बारे में एक्सपर्ट से राय नहीं खुल सकता है। केवल गया। पुलिस ने परिवार के सभी लग गए हैं। पीतल कारोबारी घुसने में परेशानी हुई और न ही पहुंचे और उन्होंने निरीक्षण किया। गईं। जिसके तोड़ने पर आवाज ऐसा कुछ नहीं हुआ था।पुलिस पुलिस ने दोबारा परिवार के



था। इससे पुलिस को शक है कि लॉक मकान के अंदर से ही सदस्यों से अलग-अलग पूछताछ में पुलिस को अहम सुराग मिले के घर डकैती के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पीतल कारोबारी लॉक मकान के अंदर से ही खोला गया था। पुलिस ने डिजिटल ली तो पता चला कि यह लॉक बिना रिमोट के किसी चॉबी से तोड़ा ही जा सकता है। इसके बाद पुलिस का शक और गहरा छह सदस्यों से अलग अलग पूछताछ भी की तो अहम सुराग हाथ इमरान के घर में डकैती डालने वाले बदमाशों को न तो घर में भागने में।मुरादाबाद से लेकर बरेली तक अधिकारी घटनास्थल पर इस घटना में सभी की निगाहें डिजिटल लॉक पर आकर टिक आती और दूसरी चॉबी लगाने पर अलार्म भी बज जाता लेकिन ने डिजिटल लॉक के बारे में एक्सपर्ट से राय ली। इसके बाद लोगों से पूछताछ की। सभी को अलग अलग रखकर सवाल किए। इससे पुलिस को अहम कड़ी हाथ लग गई है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि डिजिटल लॉक अंदर से ही रिमोट से खोला गया था। इसके बाद पुलिस कड़ी से कड़ी जोड़ने में जुट गई है। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि डकैती के संबंध में अहम सुराग हाथ लगे हैं । जिसके जरिए बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।कारोबारी के घर में ही छिपा भेदी- पुलिस कारोबारी के घर के भेदी तक पहुंच गई है। उसके मोबाइल की कॉल डिटेल से पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे हैं। इस भेदी और डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश के बीच रविवार की शाम से लेकर रात तक कई बार बातचीत हुई है। पुलिस ने भेदी से लंबी पूछताछ की है।पुलिस मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी और नकदी व जेवर बरामद करने में जुटी है। पुलिस ने जिन दो संदिग्धों को उठाया है। उनसे पूछताछ में यह भी बात सामने आई कि वह केवल कैश ही लूटने आए थे जेवर टेबल पर रखे मिल गए तो उन्हें भी ले गए थे। पुलिस का दावा है कि वह खुलासे के बेहद करीब है। पूरे नेटवर्क की जानकारी हो गई है। घर में छह सदस्य, छह बदमाश -कारोबारी के घर में घटना के समय छह सदस्य मौजूद थे। इस बारे में बदमाशों को पूरी जानकारी थी। छह बदमाश ही मकान में घुसे थे। बाकी बदमाश बाहर रहे थे।पुलिस को गुमराह करने के लिए बदल दिया रास्ता, दिल्ली रोड की ओर भागे बदमाश - कारोबारी के घर वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों को बैकअप देने के लिए उनके साथी कॉलोनी और नागफनी रोड पर मौजूद थे। नागफनी रोड पर ही दो कारें खड़ी थीं। जिसमें सवार होकर बदमाश भागे थे।पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो पता चला कि बदमाश पुलिस को गुमराह करने के लिए पहले नागफनी की ओर भागे लेकिन आगे जाकर उन्होंने रास्ता बदल दिया और दिल्ली ओर की ओर भागे थे।500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, 100 से ज्यादा मोबाइल फोनों की देखी सीडीआर- नागफनी थानाक्षेत्र के अकबर कंपाउंड में कारोबारी इमरान के घर डाका डालने वाले बदमाशों की तलाश में पुलिस तेजी से जुटी है। पुलिस ने 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। आसपास के इलाकों और संभावित रास्तों के कैमरे जांचे जा रहे हैं।100 से अधिक मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) भी देखी जा रही है। पुलिस इन तकनीकी सबूतों से बदमाशों तक पहुंचने में जुटी है। नागफनी, कोतवाली, कटघर, मझोला, पाकबड़ा और मूंढापांडे तक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई है।

# आंधी का कहर: बदायूं में दो बच्चियों समेत पांच की मौत, जिलेभर में सैकड़ों पेड़ गिरे, खंभे टूटे

बदायूं जिले में लगातार दूसरे दिन आई आंधी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बिसौली तहसील क्षेत्र में आंधी के दौरान कहीं पेड़ गिरे तो कहीं दीवार, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। एक अन्य युवक मंगलवार को घायल हुआ था, जिसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।बदायूं जिले में कहर बनकर आई आंधी से बिसौली क्षेत्र में पांच लोगों की मौत हो गई। बुधवार को करीब घंटेभर चली तेज आंधी और बारिश के दौरान हुई घटनाओं में दो की आंधी के दौरान पेड़ गिरने से घायल हुए युवक बादल छा गए और तेज हवा चलीं। इससे बिसौली बिजली के खंभे और लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। कल्लो देवी (40 वर्षीय) अपनी 18 साल की बेटी साथ गांव के ही शेर सिंह की नौ वर्षीय बेटी रजनी चली तेज हवा और बादलों की गरज से डरकर वे था। वह दीवार तेज आंधी में ढह गई। सभी इसके इसलिए ये दोनों आसानी ने निकल आईं। रजनी बुलाया और ग्रामीणों के प्रयास से बाहर निकाला मौसमी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गिरा पेड़, चालक की मौत -इधर, बुधवार को अनूपशहर जिला बुलंदशहर बजरी लेकर बिल्सी



बच्चियों समेत चार लोगों की जान चली गई। जबकि, मंगलवार ने भी दम तोड़ दिया।बुधवार की सुबह करीब 11 बजे काले तहसील क्षेत्र में एक हजार से अधिक छोटे-बड़े पेड़ टूट गए। बिसौली क्षेत्र के गांव सिद्धपुर कैथोली की मढ़ैया निवासी नेहा के साथ गांव से बाहर बटिया से उपले लेने गई थीं। उनके और सुनील की 10 वर्षीय बेटी मौसमी भी थी।अचानक सब एक छप्पर में छिप गए। यह छप्पर जिस दीवार पर रखा नीचे दब गई। कल्लो देवी और नेहा का आधा हिस्सा दबा था, और मौसमी पूरी तरह से दब गई। नेहा ने गांव से लोगों को गया। मौके पर ही रजनी ने दम तोड़ दिया था। जबकि, गया, जहां उसने कुछ देर बाद ही दम तोड़ दिया। डंपर पर डंपर चालक योगेश (35) निवासी नगला भोपत, थाना की ओर जा रहे थे। जैसे ही डंपर सोत के पुल निर्माण के लिए अलग से बनाए रास्ते पर पहुंचा। आंधी के कारण यूकेलिप्टस का पेड़ डंपर पर गिर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। कोठरी ढहने से महिला की मौत -फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव तरक परौली निवासी कुछ लोग मैंथा के खेत में काम कर रहे थे कि अचानक आंधी आ गई। यह लोग पास के नलकूप की कोठरी में चले गए। कोठरी के पास में खड़ा पेड़ जड़ से उखड़कर कोठरी पर गिर गया। जिससे कोठरी ढह गई। इसमें लक्ष्मी (50 वर्षीय) पत्नी अमर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि साथ में गांव के कोटेदार की पत्नी घायल हो गई। वहीं, थाना क्षेत्र के गुलाबबाग निवासी 20 वर्षीय अंशुल शर्मा पुत्र छुट्टन शर्मा मंगलवार शाम पेड़ गिरने की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। सैकड़ों पेड़ गिरे-बुधवार को जिले में आई आंधी ने चारों ओर तबाही का मंजर कायम कर दिया। आंधी से सैकड़ों पेड़ों के गिरने से जनहानि के साथ ही रोड पर आवागमन ठप हो गया। जगह- जगह पर गिरे पेड़ों की वजह से वाहनों का निकलन मुश्किल हो गया। रोड पर खड़े वाहनों को घंटों पेड़ हटाने का इंतजार करना पड़ा। दातागंज में पापड़ और गनगोला गांव के बीच आंधी में पेड़ गिरने से दातागंज बदायूं मार्ग बंद हो गया। करीब डेढ़ घंटे तक आवाजाही बंद रही। कुछ दोपहिया वाहन चालक खेतों से होकर निकलते रहे। डेढ़ घंटे बाद पेड़ काटकर हटाया गया तब जाके रास्ते पर आवागमन चालू हुआ। वहीं आंधी के दौरान खंभे टूटने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिसौली के तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने बताया कि राजस्व निरीक्षक और लेखपाल की ओर से आंधी से किसानों की मक्का सहित सभी फसलों के नुकसान का और जनहानि का आंकलन किया जा रहा है। जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जायेगी, शासन के निर्देशानुसार ही राहत कार्य से संबंधित प्रभावित परिवारों को जल्द सहायता पहुंचाई जाएगी। मार्ग पर गिरे पेड़ों को हटाने के लिए पुलिस प्रशासन और वन विभाग को निर्देशित किया गया है।

# उत्कर्ष ने 99.2 प्रतिशत अंक हासिल कर किया बागपत टॉप, नव्या जैन बनीं शामली की टॉपर

बुधवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। बागपत और शामली दोनों ही जिलों के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य की झलक दिखा दी है।केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड हैं, जिसमें छात्रों ने अपनी मेधा का लोहा अंक हासिल कर न केवल जिला टॉप किया वहीं, शामली जिले में स्कॉटिश इंटरनेशनल पहला स्थान प्राप्त किया है।उत्कर्ष- निरंतरता बार फिर उनकी निरंतर मेहनत और लगन प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन पहले भी दो बार जेईई मेंस परीक्षा में उत्तर 13वीं रैंक और बाद में 27वीं ऑल इंडिया प्रदर्शन की बात करें तो उत्कर्ष ने गणित और इसके अलावा, भौतिक विज्ञान में 99, रसायन उपलब्धि के पीछे उनकी नियमित अभ्यास, रहा। उत्कर्ष के पिता दीपेंद्र खोखर सकौती




(सीबीएसई) की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित हो गए मनवाया है। बागपत जिले में बड़ौत के उत्कर्ष ने 99.2 प्रतिशत है, बल्कि जेईई मेंस में भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दोहराया है। स्कूल की नव्या जैन ने 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में और मेहनत का प्रतीक- बागपत के उत्कर्ष की सफलता एक का प्रमाण है। उन्होंने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में 99.2 किया है। उत्कर्ष का शैक्षणिक सफर असाधारण रहा है। वह प्रदेश टॉपर रह चुके हैं। फरवरी सत्र में उन्होंने ऑल इंडिया रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था।विषयवार शारीरिक शिक्षा में शत-प्रतिशत अंक (100-100) प्राप्त किए। विज्ञान में 98 और कला में 99 अंक हासिल किए। इस शानदार अनुशासित दिनचर्या और प्रतिदिन 10 घंटे पढ़ाई का समर्पण चीनी मिल मेरठ में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता गीता जनता वैदिक इंटर कॉलेज में गणित शिक्षिका हैं। उनकी बड़ी बहन दिशा एमबीए करने के बाद चंडीगढ़ में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। परिवार का निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन उत्कर्ष की सफलता की मजबूत नींव रहा है। शामली में नव्या जैन का जलवा-शामली जिले में सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों ने छात्रों में खुशी की लहर दौड़ाई है। स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा नव्या जैन ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि ने स्कूल और जिले का मान बढ़ाया है। नव्या जैन के बाद, सौम्यता मित्तल 98 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, और इसी स्कूल की छात्रा सना ने 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाया है।भविष्य की राह- इन मेधावी छात्रों की सफलताएं न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। यह परिणाम दर्शाता है कि कड़ी मेहनत, सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनगणना 2027 की तैयारी तेज, केंद्रीय कार्यालयों ने पोर्टल पर दर्ज की जानकारी

क्यूँ न लिखूँ सच / पीलीभीत। आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत बुधवार को जिले में विभिन्न केंद्रीय सरकारी कार्यालयों एवं वित्तीय संस्थानों द्वारा स्व-गणना कार्यक्रम आयोजित किया







गया। कार्यक्रम के दौरान बैंक, रेलवे, डाकघर, कोषागार और जीएसटी विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्व-गणना पोर्टल पर अपनी-अपनी सूचनाएं दर्ज कराईं।
अधिकारियों ने बताया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य जनगणना को डिजिटल, सटीक और समयबद्ध बनाना है। डाक विभाग सहित अन्य केंद्रीय कार्यालयों ने भी ऑनलाइन माध्यम से अपनी गणना प्रक्रिया पूरी की।
प्रशासन के अनुसार स्व-गणना व्यवस्था से आंकड़ों की शुद्धता बढ़ेगी और भौतिक गणना का कार्यभार भी कम होगा। केंद्र सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान को जनगणना 2027 की तैयारियों में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### सनातनी त्योहार,वट सावित्री व्रत को लेकर महिला शिक्षक शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन


क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली।महिला शिक्षक संघ बरेली की जिलाध्यक्ष राखी सक्सेना के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा



अधिकारी को सनातन धर्म के पावन पर्व वट सावित्री व्रत के लिए एक दिन का विशेष अवकाश (महिला अवकाश) घोषित किए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में मांग की , 16 मई 2026 को विभिन्न जनपदों में मनाए जाने वाले सनातन धर्म के पावन पर्व वट सावित्री व्रत को धूम धाम से मनाने के लिए महिला शिक्षकों एवं कार्मिकों को उक्त दिवस का विशेष अवकाश घोषित किया जाए, जिससे वे श्रद्धापूर्वक सावित्री व्रत एवं पूजा-अर्चना संपन्न कर सकें। संघ ने दिव्यांग, अस्वस्थ या गंभीर बीमारियों से ग्रस्त शिक्षिकाएं, गर्भवती शिक्षिकाएं को जनगणना ड्यूटी से मुक्त करने तथा समायोजन में महिला शिक्षिकाओं से विकल्प लेने की अपील की गयी। ज्ञापन देने वालों में जिलामंत्री संगीता मित्तल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपाली सक्सेना, मोना सिंह, शैली कपूर आदि पदाधिकारी मौजूद रहीं।

### संजय का मिला शव- पत्नी की मौत के बाद भाभी के यहां रहते थे, पांच दिन पहले काम के लिए निकले घर से, अब मिली लाश

बुधवार सुबह मजदूर संजय का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पास में शराब का ग्लास व जहरीली दवाएं मिलीं। पुलिस आत्महत्या की आशंका जता रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों की पुष्टि होगी।जंक्शन मार्ग पर मौजपुर गांव के बाहर बुधवार सुबह एक



मजदूर का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला। शव के पास शराब का ग्लास व जहरीली दवाएं मिलीं, जिससे पुलिस आत्महत्या की आशंका जता रही है। हालांकि अभी कुछ स्पष्ट नहीं हुआ है।जंक्शन चौकी प्रभारी ने बताया कि अलीगढ़ जनपद के चंडौस कस्बा निवासी संजय (40) मौजपुर गांव में ही अपनी भाभी उर्मिला के यहां अपनी आठ वर्षीय बेटी ईसू उर्फ गुड़िया के साथ किराये पर रहते थे। वहीं मौजपुर गांव के पास आटा चक्की में मजदूरी करते थे। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, कुछ महीन पहले ही संजय की पत्नी की बीमारी से मौत हो गई थी। तब से संजय अवसाद में रहने लगे थे।पांच दिन पहले संजय मजदूरी के लिए निकले थे, लेकिन घर वापस नहीं लौटे। बुधवार सुबह उनका शव सड़क किनारे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम जांच के लिए भेज दिया। सीओ शोभित कुमार ने बताया कि प्रथमा दृष्टया घटना आत्महत्या की लग रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों की पुष्टि होगी।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
OWN STATE
www.knlslive.com
14 May 2026


# कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर एक्शन मोड में नगर पालिका; शिवपुरी की सड़कों से हटा अतिक्रमण, मंडी में दिखी नई व्यवस्था



क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार नगर पालिका सीएमओ इशांक धाकड़ द्वारा चलाए जा रहे %विशेष स्वच्छता एवं अतिक्रमण हटाओ अभियान% के तहत सुभाष पार्क मंडी से लेकर कोर्ट रोड तक प्रशासन का सख्त तेवर दिखाई दिया।

सुभाष पार्क मंडी में दिखा बदलाव, नियम तोड़ने वालों पर सख्ती़जब नगर पालिका की टीम सुभाष पार्क सब्जी मंडी और वार्ड क्रमांक 22 पहुंची, तो वहां व्यवस्थाएं पहले से बेहतर मिलीं। पूर्व में दी गई चेतावनी का असर यह रहा कि अधिकांश ठेला संचालकों ने अपनी हद में रहकर व्यापार शुरू कर दिया है। हालांकि, निरीक्षण के दौरान जहां भी गंदगी या खुले डस्टबिन मिले, टीम ने उन्हें तत्काल जप्त कर लिया। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि कचरा सड़क पर फेंकना अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नालियों की सफाई और मौके पर खुलवाई दुकानें- स्वच्छता अभियान के दौरान टीम ने न केवल अतिक्रमण हटाया, बल्कि नालियों की विशेष सफाई भी सुनिश्चित कराई। इस दौरान कुछ दुकानें बंद पाई गईं, जिन्हें मौके पर ही संचालकों को बुलवाकर खुलवाया गया। दुकानदारों को कड़े शब्दों में हिदायत दी गई कि वे स्वच्छता नियमों का पालन करें, अन्यथा चालानी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

अवैध निर्माणों पर नगर पालिका की कार्यवाही-अभियान के दौरान उन पक्के अतिक्रमणों को भी ध्वस्त किया गया जो लंबे समय से यातायात में बाधक बन रहे थे। कई व्यापारियों को अंतिम चेतावनी दी गई है कि वे स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लें, वरना नगर पालिका कार्रवाई कर सामग्री जप्त करने की प्रक्रिया शुरू करेगी।

कोर्ट रोड पर अनुशासन का पाठ-सुभाष पार्क के बाद टीम कोर्ट रोड फल-सब्जी मंडी पहुंची। यहाँ अव्यवस्थित तरीके से खड़े ठेलों को लाइन में लगवाया गया। व्यापारियों को चेतावनी दी गई कि यदि कल से सड़क पर एक भी टोकरी या ठेला सीमा से बाहर मिला, तो जब्ती की जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी।सीएमओ की अपील- शिवपुरी को स्वच्छ बनाना सामूहिक जिम्मेदारी

नगर पालिका सीएमओ इशांक धाकड़ ने कहा कि हमारा उद्देश्य व्यापारियों को परेशान करना नहीं, बल्कि शहर में स्थायी सुधार लाना है। उन्होंने नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे स्वच्छ शिवपुरी, स्वस्थ शिवपुरी के संकल्प में सहभागी बनें। उन्होंने साफ किया कि नियमों का पालन करने वालों को पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन बार-बार नियम तोड़ने वालों के खिलाफ प्रशासन अब और अधिक कठोर कदम उठाएगा।

# श्रीमंत राजामाता विजयाराजा सिंधिया जी की स्मृति में हॉकी स्टेडियम शिवपुरी मे आयोजित होने जा रही अंडर-16 बालिका हॉकी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया



क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। जिला शिवपुरी के श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर के हॉकी एस्टोटर्फ मैदान पर श्रीमंत राजामाता विजयाराजा सिंधिया जी की स्मृति में कै. राजमाता विजयाराजे सिंधिया सेंटर फॉर डॉबलपमेंट (म.प्र.) द्वारा राज्य हॉकी फीडर सेंटर अंडर-16 बालिका हॉकी खेल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 12 से 14 मई 2026 तक किया जा रहा है, जिसमे खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के 29 जिलों में संचालित हॉकी फीडर सेंटर के खिलाड़ियों को नियमित रूप से प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अंडर-16 बालिका हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा सभी खिलाड़ियों को अपने उद्बोधन में खेल भावना से खेलने एवं खेलो के क्षेत्र में जिले एवं प्रदेश के साथ-साथ राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना अच्छा प्रदर्शन करने हेतु कहकर कार्यक्रम का शुभारंभ करने की घोषणा की। साथ ही 06 जिलों शिवपुरी, देवास, ग्वालियर, गुना, सागर एवं नर्मदापुरम से आये सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रीमती रंजना चतुर्वेदी विधिक प्राधिकरण सचिव शिवपुरी, श्री अरूण कुमार सिंह म.प्र. राज्य महिला क्रिकेट अकादमी के प्रशिक्षक जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, डॉ. के. के खरे के अतिरिक्त टीक के साथ आये प्रशिक्षक श्रीमती गीता लखेरा, श्री शेलेन्द्र बुन्देला, श्रीमती सुनीता कंवर गुना, सुमित खजूर, देवास, श्रीमती संगीता दीक्षि, गिरीश मिश्रा मामा, राजेन्द्र शिवहरे, कप्तान सिंह व खेल विभाग के कर्मचारी व वरिष्ठा खिलाड़ी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले सभी खिलाड़ियों को स्पोटर्स किट एवं प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को ट्राफी एवं मेडल से पुरूस्कृत किया जायेगा।

# पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ने ग्राम गाभियाई मे हदीरे वाले मियां साहब की दरगाह पर की चादरपोशी



क्यूँ न लिखूँ सच / आबिद रज़ा ने ग्राम गाभियाई मे हदीरे वाले मियां साहब की दरगाह पर चादरपोशी व गुलपोशी कर अपनी अकीदत पेश की। दरगाह पर पहुँचने पर दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अक्कन खां व सचिव अमीर उल्ला ने पूर्वमंत्री आबिद रज़ा का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। उसके बाद पूर्व मंत्री आबिद रजा ने दरगाह शरीफ पर पहुंचकर सबसे पहले मजार पर चादर चढ़ाई और गुलपोशी की, साथ ही उन्होंने मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। उन्होंने अल्लाह से दुआ की कि देश में आपसी प्रेम और सौहार्द बना रहे तथा सभी लोगों की जिंदगी खुशहाल हो।

पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा कि उर्स जैसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं। यहां हर धर्म और समुदाय के लोग एक साथ आकर दुआ करते हैं, जो हमारे देश की गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में प्रेम और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर मुख्य रूप से अक्कन खां अध्यक्ष व अमीर उल्ला सचिव दरगाह कमेटी, नन्हें, अकरम, चंदा मियां प्रधान, हिफाजत भाई, हसन फौजी, अय्यूब, नवाजिश, सोहिल सिद्दीकी, हर्षित यादव, अनवर खां आदि लोग मौजूद रहें।

# किसान रासायनिक उर्वरकों के साथ जैविक उर्वरकों का समावेश कर करें संतुलित उर्वरक प्रबंधन




क्यूँ न लिखूँ सच / आज ग्राम खुनक के प्रगतिशील किसान अब्बाल अली के प्रक्षेत्र पर फील्ड डे का आयोजन किया गया। ? कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 फैज मोहसिन, हेड कृषि विज्ञान केन्द्र उझानी एवं अध्यक्षता श्री आर एस वर्मा, अपर जिला सहकारी अधिकारी, बदायु ने की। कार्यक्रम में खुनाक, मिघौनिया, चन्दननगर, खरेर के 80 किसानों ने भाग लिया डा रोशन जी ने किसानों को संतुलित उर्वरक प्रबंधन की जान कारी दी एवं किसानों को रासायनिक उर्वरकों का समझदारी से प्रयोग करने हेतु तरीके सुझाये जितेन्द्र कुमार क्षेत्र प्रबंधक इफको बदायूँ ने जनपद के किसानों का रासयनिक उर्वरकों की खपत कम कर नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का इस्तेमाल बड़ाने हेतु किसानों को इफओ के विभिन्न उत्पादों की जानकारी दी। उन्होने बताया कि कि 30-60 दिन की मक्का की फसल में इफको की नैनो यूरिया-500 मिली, इफको सागारिका-500 मिली एवं नैनो जिंक -100 मिली का प्रतिएकड़ की दर से सम्मिलित इस्तेमाल करने से दानेदार यूरिया की खपत को कम किया जा सकता है एवं मिट्टी पर रासायनिक यूरिया के पड़ रहे दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है एवं फसल भी स्वस्थ होती है। जायद की फसलों जैसे मक्का,मेंथा एवं मूंगफली की फसल में यूरिया की तुलना में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं सागारिका अधिक कारगर है।

प्रगतिशील किसान अब्बास अली एवं मुस्लिम अली ने? कार्यक्रम में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के अपने अनुभव को साझा किया। उक्त प्रगतिशील किसानों के खेतों पर मक्का की फसल में आधुनिक तकनीक से विकसित इफको नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं सागारिका के प्रयोग एवं कम यूरिया डीएपी डालकर अच्छी फसल उगायी है, जिसका किसानों को मौके पर अवलोकन काराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 फैज मोहसिन, हेड कृषि विज्ञान केन्द्र उझानी ने?किसानों को संतुलित उर्वरक प्रबंधन के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिये इफको की तारीफ करते हुये किसानों को फसल विविधीकरण एवं एग्रो फारेस्टरी के प्रति जानकारी दी।

कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री आर एस वर्मा, अपर जिला सहकारी अधिकारी, बदायु ने सहकारिता विभाग की किसान हितैषी योजनाओं पर चर्चा करते हुये किसानों को इफओ एवं सहकारिता से जुड़ने का आवाहन किया। श्री राहुल सिंह चौहान ने जायद की फसलों में कीट एवं रोग प्रबंधन पर चर्चा?की। श्रि अनिल कुमार, एसएफ बदायूँ ने इफको के स्पेशिलिटी उद्पादों की जानकारी दी एवं कार्यक्रम के अतं में किसानों का धन्यवाद किया कार्यक्रम में श्री राजेश कुमार सक्सेना, सचिव खुनक बी पैक्स एवं श्री राजीव सक्सेना सचिव मलगांव खुनक बी पैक्स, श्री आकाश प्रभारी ई बाजार मलगांव एवं श्रि राकेश गुप्ता सचिव, नवादा औद्यानिक सचिव सहित प्रोग्रेसिव किसान श्री अब्बास अली, मुस्लिम अली, मुनीफ एवं प्रेमपाल सहित 80 किसानों ने चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया

## बुनकरों के हुनर को मिलेगा सम्मान

# संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार के लिए आवेदन शुरू, 20 हजार तक मिलेगा नकद पुरस्कार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग बरेली परिक्षेत्र बरेली सर्वेश कुमार शुक्ला ने बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और बदायूं के हथकरघा बुनकर बन्धुओं के लिए बड़ी खुशखबरी दी है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट एवं कलात्मक कार्य करने वाले बुनकरों को सम्मानित किया जाएगा।योजना के तहत परिक्षेत्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार पाने वाले बुनकर को 20 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार के लिए 15 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार हेतु 10 हजार रुपये की नकद धनराशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही विजेताओं को शील्ड, अंग वस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा॥ प्राप्त सैम्पलों की स्क्रीनिंग कर चयन किया जाएगा। चयनित सैम्पलों को राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए भेजा जाएगा। सभी हथकरघा बुनकर बन्धुओं से अपील की गई है कि वे वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु अपने उत्कृष्ट एवं कलात्मक सैम्पल पूर्ण विवरण सहित दिनांक 18 जून 2026 तक सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग कार्यालय, सिटी स्टेशन, माल गोदाम के सामने, बरेली में जमा करा दें।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिन बुनकरों को पिछले तीन वर्षों में इस योजना के अंतर्गत पुरस्कार मिल चुका है, उन्हें इस बार चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा।

# अयोध्या-काशी के बाद अब बरेली के नाथ कॉरिडोर' पर फोकस, शिवधामों को मिलेगी नई पहचान



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। अयोध्या, काशी और मथुरा के बाद अब उत्तर प्रदेश सरकार की नजर बरेली की प्राचीन नाथ परंपरा पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में 'नाथ कॉरिडोर' परियोजना के तहत बरेली के 10 प्रमुख धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों के विकास कार्यों को तेजी दी गई है। करीब 60 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इस योजना का उद्देश्य धार्मिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ स्पिरिचुअल टूरिज्म को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में 'नाथ कॉरिडोर' परियोजना के तहत बरेली के 10 प्रमुख धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों के विकास कार्यों को तेजी दी गई है। करीब 60 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इस योजना का उद्देश्य धार्मिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ स्पिरिचुअल टूरिज्म को बढ़ावा देना है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के अनुसार सरकार भगवान शिव और नाथ परंपरा से जुड़े प्राचीन स्थलों को एक सूत्र में पिरोकर धार्मिक पर्यटन को नई पहचान देने में जुटी है। विकास भी, विरासत भी की थीम पर इन मंदिरों की पौराणिकता और आध्यात्मिक गरिमा को सुरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। नाथ कॉरिडोर के तहत सदर कैंट स्थित श्री धोपेश्वर नाथ मंदिर के विकास पर 7.74 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। वहीं जोगी नवादा स्थित वनखंडी नाथ मंदिर पर 5.82 करोड़, त्रिवटीनाथ मंदिर पर 6.55 करोड़ और तपेश्वर नाथ मंदिर पर 8.36 करोड़ रुपये की परियोजनाएं संचालित हैं। करीब 930 वर्ष पुराने अलखनाथ मंदिर के विकास पर 11.67 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

# नगर पालिका पर सभाषद ने ही लगाए गम्भीर आरोप

कोंच(जालौन)नगर पालिका परिषद अक्सर विवादों में घिरी नजर आती है और इस बार भी नगर पालिका पर उसके ही बोर्ड सदस्य सभाषद ने आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी से कार्यवाही की मांग की है। मामला बार्ड नम्बर 5 मुहल्ला भगत सिंह नगर का है जहां पर ईदगाह पुलिया से लेकर कर्बला तक नाला निर्माण नगर पालिका परिषद द्वारा कराया जा रहा है जिसका निर्माण मानक बिहीन होने पर बार्ड की सभाषद कमरजहां के प्रतिनिधि शकील अंसारी ने दिन सोमवार को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को शिकायती पत्र देते हुए नाला निर्माण की हकीकत बयां की जिसमें उन्होंने बताया कि सीमेंट की मात्रा बिल्कुल कम है और पानी का निकास जहां जाना चाहिए वहां न जाकर ईदगाह ग्राउंड में बसी बस्ती में हो रहा है जबकि नाले का निर्माण 30 या 32 लाख रुपये की लागत से कराया जाना है जिसकी शिकायत सभाषद ने पूर्व में पालिका में की थी लेकिन पालिका द्वारा न तो कोई जांच कराई गई और न ही ठेकेदार पर कोई कार्यवाही हुई जिसके कारण ठेकेदार सरकारी धन का दुरुपयोग करने में लगा हुआ है द्वारा सभाषद ने एस डी एम से जांच कमेंटी बनाकर निर्माणाधीन नाले की जांच कराए जाने की मांग की है।

# यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर 35 वाहनों को किया सीज

क्यूँ न लिखूँ सच / आज एसएसपी सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन हेतु विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है जिसके क्रम में यातायात पुलिस बदायूँ द्वारा ऐसे वाहन चालकों को चिन्हित किया गया,जिनके विरुद्ध 10 अथवा उससे अधिक चालान लंबित पाए गए हैं उक्त अभियान के तहत 18 वाहन चालकों के ड्राइविगं लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही परिवहन विभाग,बदायूँ द्वारा की गयी है । इसके अतिरिक्त दिनाँक 09.05.2026 से दिनाँक 10.05.2026 तक चलाए गए 02 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय यातायत पुलिस द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर, हूटर, प्रेशर हॉर्न तथा ड्रंकन ड्राइव के तहत सघन चैकिंग अभियान चलाया गया । मॉडिफाइड साइलेंसर में- 66 चालान हूटर के प्रयोग में- 02 चालान प्रेशर हॉर्न में- 533 चालान ड्रंकन ड्राइव (शराब)- 25 चालान यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर 35 वाहनों को सीज किया गया अभियान के दौरान कुल 661 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई ।

# बरेली अपने सीनियर को जय हिंद. न बोलना पड़ा भारी, 15 दिन की ट्रेनिंग का फरमान

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । अनुशासन में चूक बरेली के एक सिपाही को भारी पड़ गई। आंवला थाने के



निरीक्षण के दौरान एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा को 'जय हिंद' न बोलने पर कांस्टेबल परम सिंह को 15 दिन के विशेष प्रशिक्षण पर भेज दिया गया। निरीक्षण के दौरान हुई चूक, स्क ने तुरंत लिया एक्शन- एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा मंगलवार को आंवला थाने का निरीक्षण करने पहुंची थीं। निरीक्षण के दौरान कांस्टेबल परम सिंह ने उच्च अधिकारी को नियमानुसार अभिवादन नहीं किया। एसपी ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए तुरंत कार्रवाई की। एसपी अंशिका वर्मा ने कांस्टेबल परम सिंह को 15 दिन के विशेष प्रशिक्षण पर भेजने के निर्देश दिए। अधिकारियों का कहना है कि पुलिस बल में अनुशासन सर्वोपरि है और उच्च अधिकारियों का सम्मान करना हर पुलिसकर्मी की जिम्मेदारी है। इस कार्रवाई के बाद थाने में हड़कंप मच गया। पुलिस महकमे में चर्चा है कि छोटी सी चूक भी बड़ी कार्रवाई का कारण बन सकती है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# Car AC: Why is it wrong to turn on the AC immediately after starting the car? Learn the disadvantages of turning it on immediately.

In this scorching heat, people often turn on the AC immediately after getting into their car. However, this habit can be detrimental to both your car and your health. Let's explore this in this article. During this intense heat, it's common for many people to turn on the AC immediately after getting into their car. It's worth noting that turning on the AC immediately after getting into a car in this scorching heat is detrimental to both your health and your car. In fact, when a car is parked in the sun, the temperature inside it becomes much higher than outside. This causes harmful gases like benzene to be emitted from the car's plastic parts, which can be extremely harmful to your health. Therefore, it's important to follow certain rules before getting into a car in extreme heat. Let's explore this in this article. What effect does it have on the engine and battery? Running the AC immediately puts the entire load of the compressor directly on the engine and battery, which can shorten their lifespan. Running the AC before the engine has cooled down puts it under more pressure, resulting in increased petrol or diesel consumption. Serious risk of toxic gases - Benzene emissions - Heating the dashboard and seats of the car releases toxic benzene gas, which can be carcinogenic. Air pressure - When the AC is turned on immediately, this gas cools and accumulates inside the cabin instead of escaping. Health effects - Breathing this polluted air can cause headaches, lethargy, and anxiety. What is the correct way to operate the AC? First, close and open the car doors 4-5 times. Then, start the car and roll down all the windows to allow hot air and toxic gases to escape. Before pressing the AC button, run only the blower for 1-2 minutes to allow for air ventilation. After this, when the hot air of the cabin goes out, then roll up the windows and turn on the AC. Important tips for better cooling - Turn on the 're-circulation mode' only after the cabin cools down so that the cool air inside does not go out. If possible, always park the car in a shady place so that the temperature of the cabin does not increase too much. To maintain the cooling of the AC, get its filter cleaned and gas checked from time to time.



# Lupus Risk: Butterfly-Shaped Rashes on Your Face? Are You at Risk for This Dangerous Disease?

Some people are born with a predisposition to lupus. Certain infections, certain medications, or even sunlight can trigger this condition. Are you a victim? Health experts say that early detection and treatment of underlying health problems can significantly reduce the risk of serious illness. Many illnesses may have seemingly minor symptoms, but if they're not identified and treated promptly, they can pose serious risks. Skin rashes, frequent fatigue, and joint pain may seem common. People often dismiss them as simple allergies or seasonal changes. However, these symptoms can sometimes be signs of a serious underlying condition, such as lupus. Lupus is an autoimmune disease in which the body's immune system mistakenly attacks its own healthy organs and tissues. This causes inflammation in the joints, skin, kidneys, and other organs. The most worrying thing is that there's no cure; medications can only control the symptoms. Learn about lupus: Lupus can affect the joints, skin, kidneys, blood cells, brain, heart, and lungs. It's often difficult to determine if someone has lupus because its symptoms often resemble other diseases. The most common symptom of lupus is a facial rash, which resembles butterfly wings on both cheeks. This rash may become darker when exposed to sunlight. However, not everyone with lupus will develop it. Lupus and its Risk Factors: Medical reports suggest that some people are at risk of developing lupus from birth. Certain infections, certain medications, or even sunlight can trigger this condition. In most cases, lupus is mistaken for arthritis, a skin allergy, or a viral infection, as its symptoms are very similar. Experts believe that lupus is not a contagious disease and does not spread directly from person to person. Genetic factors, hormonal changes, and environmental factors are believed to play a role. Women are at a higher risk. What should be done to identify lupus? Lupus symptoms vary from person to person. As mentioned above, it includes a red rash on the skin, joint pain and swelling, and persistent fatigue. Many patients experience a butterfly-shaped red rash around the nose and cheeks. Hair loss, mouth ulcers, difficulty breathing, and chest pain can also be signs of lupus. In some patients, the fingers and toes turn white or blue in the cold. If the disease spreads to the kidneys, protein in the urine increases. Swelling and high blood pressure can also occur. How can lupus be prevented? Health experts say that lupus cannot be completely prevented, but its symptoms can be controlled with proper lifestyle and precautions. Experts recommend avoiding strong sunlight, using sunscreen, and resting the body. A balanced diet, regular light exercise, and reducing stress are also important. Smoking and alcohol should be avoided as these can increase inflammation. Lupus patients should have regular checkups to prevent damage to the kidneys and other organs.



# Hotel Washroom Rules: Can highway hotels prevent you from drinking water or using the washroom? Learn the rules

It's common for people to need to use the washroom while traveling on highways. Many hesitate to use the washrooms of hotels located on the highway. Let's understand your rights in this article. Residential areas are often not visible for long distances on long-haul highways. Therefore, when people feel thirsty or need to use the washroom, the only option is a nearby hotel. People are often hesitant to visit these hotels. But you might be surprised to know that according to Indian law, no hotel in the country can refuse to provide free clean drinking water or use their washroom. These rules apply to both ordinary and five-star hotels. Often, due to lack of information, people are unable to take advantage of this right and face inconvenience, even though this facility is completely free. What rights do you have? According to the Inns Act of 1867, no hotel employee can refuse to provide drinking water and washroom facilities to anyone. Fortunately, the hotel cannot charge you any fee for this service; it is completely free. What can you do if the hotel refuses? If a hotel owner or employee refuses, you can complain by calling the police helpline 112. If the case goes to court and the hotel is proven to have violated the rules, the hotel's license can even be revoked. Other important things to consider while traveling: Clean toilets and drinking water are also available free of charge at petrol pumps on the highway. In case of emergency, you can also purchase a first aid kit from the hotel or petrol pump. Awareness is important. The law is made for your convenience, so don't hesitate to ask for water at any hotel while traveling on the highway. Tell your family and friends about this rule so they can also enjoy a safe journey. Knowing your rights can help you avoid any inconvenience or mental harassment.



